आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 05.01.2026 समय : 18.30 पीएम

- मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राजस्थान डिजिफेस्ट टाई ग्लोबल समिट में कहा–एमपी और राजस्थान के समन्वय और सहयोग से विकास के नए आयाम स्थापित होंगे।
- रीजनल एआई इम्पैक्ट कॉन्फ्रेन्स कल जयपुर में होगी।
- प्रदेश में सर्द हवाओं और कोहरे से जनजीवन पर असर–कुछ जिलों में स्कूलों और आंगनबाड़ी के बच्चों के लिए अवकाश घोषित।
- सिक्खों के दसवें गुरू गुरूगोबिंद सिंह जी के प्रकाश उत्सव पर गुरूद्वारों में शबद कीर्तन और लंगर के आयोजन।

000

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्य प्रदेश और राजस्थान के बीच जल को लेकर किसी प्रकार का विवाद नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि राजस्थान को पानी की आवश्यकता होगी, तो मध्य प्रदेश पूरा सहयोग करेगा। जयपुर में चल रहे राजस्थान डिजिफेस्ट टाई ग्लोबल समिट में 'डेस्टिनेशन मध्य प्रदेश' सत्र को संबोधित करते हुए डॉ. यादव ने ये बात कही। उन्होंने दोनों राज्यों की साझा विरासत का उल्लेख करते हुए कहा कि समन्वय और सहयोग से विकास के नए आयाम स्थापित होंगे।

000

सम्मेलन के एक अन्य सत्र 'लीडरशिप बियॉण्ड लेबल्स' में पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने महिला नेतृत्व और सामाजिक जीवन में उनकी भागीदारी के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि महिलाएं तकनीक, नीति और स्टार्टअप जैसे हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने नौ करोड़ स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को नए भारत की ताकत बताया।

एक अन्य सत्र में दुबई इंटरनेट सिटी के मैनेजिंग डायरेक्टर अम्मार अल मलिक ने भविष्य के शहरों के निर्माण और उनके वैश्विक हब बनने की संभावनाओं पर चर्चा की। इसके साथ ही विशेषज्ञों ने छोटे उद्योगों यानी एमएसएमई की तरक्की में राज्यों की भूमिका और सहायक नीतियों के महत्व पर भी संवाद किया। डिजिफेस्ट के तहत आयोजित जयपुर कॉमिक कॉन में भी युवाओं ने उत्साह के साथ भाग लिया।

000

जयपुर में कल रीजनल एआई इम्पैक्ट कॉन्फ्रेन्स का आयोजन किया जायेगा। इसमें शासन सुधार, आर्थिक विकास और नवाचार तथा समावेशी प्रगति के क्षेत्र में आर्टिफिशियल इन्टेलीजेंस–एआई की भूमिका पर चर्चा की जायेगी। इस दौरान राज्य के एआई इको सिस्टम को मजबूत बनाने और नवाचारों को बढावा देने के लिए कई समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर भी होंगे। ये सम्मेलन इंडिया एआई इम्पेक्ट समिट 2026 से पहले आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला का हिस्सा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और सूचना और संचार मंत्री कर्नल राज्यवर्द्धन सिंह राठौड भी कॉन्फ्रेन्स में शिरकत करेंगे। कॉन्फ्रेन्स में केन्द्रीय इलेक्ट्रोनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव और उद्योग राज्यमंत्री जितिन प्रसाद का भी भाग लेना प्रस्तावित है।

000

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि पिछले ग्यारह वर्ष में देश में इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन छह गुना और निर्यात आठ गुना बढ़ गया है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री वैष्णव ने कहा कि चार सेमीकंडक्टर संयंत्रों में इस वर्ष वाणिज्यिक उत्पादन शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में इस समय 25 लाख रोजगार हैं। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि भारत डिजाइन, विनिर्माण, संचालन प्रणाली, अनुप्रयोग, सामग्री और उपकरण सहित संपूर्ण इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में एक प्रमुख उत्पादक देश बन जाएगा।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पिछली कई सदियों में सोमनाथ मंदिर पर हुए हमलों के बावजूद मंदिर, भारतीय सभ्यता की आत्मा के जीवंत उदाहरण के रूप में शान से खड़ा हुआ है। श्री मोदी ने कहा कि यह वर्ष इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि आज से एक हजार वर्ष पूर्व विदेशी आक्रांताओं द्वारा सोमनाथ मंदिर पर पहला हमला किया गया था। सोमनाथ मंदिर के जीर्णोद्धार में योगदान देने वालों के प्रयासों की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्ष 2026 में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल होगी, जब जीर्णोद्धार के बाद मंदिर भक्तों के लिए खोले जाने के 75 वर्ष पूरे हो जाएंगे।

000

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मनरेगा योजना में पारदर्शिता लाने के लिए विकसित भारत जी राम जी अधिनियम लाया गया है। श्री चौहान ने तमिलनाडु के इरोड में किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि योजना में लाभार्थियों के लिए रोजगार की अवधि एक सौ दिन से बढ़ाकर 125 दिन कर दी गई है। उन्होंने कहा कि योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को भुगतान समय पर मिलेगा। कृषि मंत्री ने कहा कि रोजगार मिलने के 15 दिन में लाभार्थियों को राशि का भुगतान नहीं होने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जाएगा ताकि किसानों को लाभ मिलता रहे। प्रदेश में इस योजना के बारे में जागरुकता के लिए कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। पाली के रोहट में कृषि विज्ञान केन्द्र की ओर से किसानों के लिए ऐसा ही कार्यक्रम रखा गया।

000

प्रदेश में सर्द हवाओं और कोहरे के प्रकोप से जनजीवन पर असर पड़ा है। ठंडक और गलन से आमजन के साथ पशु–पक्षी भी प्रभावित हैं। कोटा में एक ही दिन में पारा पौने नौ डिग्री गिर जाने से ठंड और तीखी हो गई है। वहीं कोहरे के कारण क्षेत्र में दृष्यता भी काफी कम रही। हमारे सवाईमाधोपुर संवाददाता ने बताया कि दिन में बादल छाने और सर्द हवाओं से ठंड का असर तेज़ हो गया है।

000

पाली, सिरोही, चित्तौड़गढ़, अजमेर और सीकर में शीतलहर का प्रकोप है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में अगले एक सप्ताह तक कडाके की सर्दी का अनुमान है। वहीं जयपुर संभाग में अगले तीन चार दिन कोल्ड वेव की संभावना है। विभाग ने अगले दो–तीन दिन में न्यूनतम तापमान में और गिरावट आने और उत्तरी भागों में शीतलहर चलने की चेतावनी दी है।

वहीं शीतलहर के मद्देनजर हनुमानगढ़ और श्रीगंगानगर जिला प्रशासन ने स्कूलों में अवकाश घोषित किया है। हनुमानगढ़ में कक्षा 1 से 8 तक के सभी स्कूलों में 10 जनवरी तक छुट्टियां रहेंगी। वहीं कक्षा 9 से 12 तक की कक्षाएं पहले की तरह संचालित होंगी। इसी तरह श्रीगंगानगर में कक्षा 5 तक के विद्यार्थियों के लिए 12 जनवरी तक अवकाश रहेगा। जिला कलेक्टर के आदेशानुसार, कक्षा 6 से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए स्कूल का समय सुबह साढ़े 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक रहेगा। डूंगरपुर में स्कूलों में कक्षा 1 से 5 तक तथा आंगनबाड़ी केन्द्रों में 8 जनवरी तक छुट्टियां रखी गई हैं।

000

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने आज जयपुर के आर्मी हॉस्पिटल में मेडिकल कैंप का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि 15 जनवरी को होने वाले सेना दिवस समारोह की शुरुआत इस स्वास्थ्य शिविर से की गई है। इस शिविर में पूर्व सैनिकों और उनके परिजनों को हृदय और हड्डी रोग सहित विभिन्न बीमारियों के लिए विशेषज्ञ परामर्श दिया जा रहा है। दिया कुमारी ने कहा कि राजस्थान में पहली बार हो रही सेना दिवस परेड को लेकर आमजन में भारी उत्साह है।

000

इस अवसर पर दक्षिण–पश्चिमी कमान के सेना अधिकारी और सैन्य परिवारों के सदस्य उपस्थित रहे।

000

सिक्खों के दसवें गुरू गुरूगोबिंद सिंह जी का प्रकाश उत्सव आज मनाया जा रहा है। इस अवसर पर उनके द्वारा धर्म की रक्षा के लिये किए गए योगदान को याद किया जा रहा है। प्रकाश उत्सव के मौके पर गुरूद्वारों में आकर्षक सजावट की गई है और कीर्तन दरबार लगाये जा रहे है। अटूट लंगर का भी आयोजन किया गया है। इस अवसर पर भरतपुर और पाली सहित विभिन्न जिलों में गुरुद्वारों को आकर्षक रोशनी और फूलों से सजाया गया है। गुरुद्वारों में रागी जत्थों द्वारा शबद कीर्तन के विशेष आयोजन किए जा रहे हैं। श्रद्धालुओं ने मत्था टेककर देश और प्रदेश में खुशहाली की कामना की।

000

आज राष्ट्रीय पक्षी दिवस है। भरतपुर के केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान की देश–विदेश में विशेष पहचान है। पक्षियों की नगरी के नाम से मशहूर इस उद्यान में अक्टूबर से फरवरी तक साइबेरिया और रूस जैसे देशों से प्रवासी पक्षी आते हैं। और ब्यौरा हमारे भरतपुर संवाददाता से।

000